उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3
संख्या–60/8–3–19–65 विविध/2016 टी0सी0 I
लखनऊ : दिनांक : 10 जनवरी, 2019

विज्ञप्ति

विषय:– उ0प्र0 भू–सम्पदा अपील अधिकरण में **अध्यक्ष** पद पर नियुक्ति।

भू–सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 में निहित प्राविधानो के अनुसार उ0प्र0 भू–सम्पदा अपील अधिकरण के **अध्यक्ष** पद पर नियुक्ति की जानी है।

2– अपील अधिकरण के अध्यक्ष की अर्हता एवं नियुक्ति के संबंध में अधिनियम की धारा–46 में निम्नवत् प्राविधान है :–

"A person shall not be qualified for appointment as the Chairperson of the Appellate Tribunal unless he is or has been a judge of a High court"

....

(2) The Chairperson of the Appellate Tribunal shall be appointed by the appropriate Government in consultation with the Chief Justice of High Court or his nominee.

3– अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष को वेतन और भत्ते उ0प्र0 भू–सम्पदा (विनियमन एवं विकास) नियमावली–2016 के नियम–27 में वर्णित प्राविधानों के अनुसार देय होंगे।

4– अपील अधिकरण में **अध्यक्ष** की नियुक्ति, पदावधि, सेवा शर्ते, शक्तियाँ एवं कार्य तथा पद से हटाया जाना आदि भू–सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के अध्याय–7 एवं उ0प्र0 भू–सम्पदा (विनियमन एवं विकास) नियमावली, 2016 के अध्याय–7 मे वर्णित है। उक्त अधिनियम, 2016 तथा नियमावली, 2016 को आवास बन्धु, उ0प्र0 की वेबसाइट www.awasbandhu.in एवं उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण की वेबसाइट www.up-rera पर अवलोकित किया जा सकता है।

5– उ0प्र0 भू–सम्पदा अपील अधिकरण में नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाले इच्छुक आवेदक आवेदन–पत्र के निर्धारित प्रारूप को आवास बन्धु, उ0प्र0 की वेबसाइट **www.awasbandhu.in** से डाउनलोड कर, आवेदन पत्र पूर्ण कर वांछित अभिलेखों सहित आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की **e-mail- awas.sahari@yahoo.in** पर **दिनांक 31.01.2019 समय सांय 05:00 बजे** तक भेज सकते हैं। दिनांक 31.01.2019 को सांय 05:00 बजे के बाद प्राप्त होने वाले तथा अपूर्ण आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उ0प्र0 भू–सम्पदा अपील अधिकरण का मुख्यालय लखनऊ में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

10/1/2019
(राजेश कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।

V Yadav UO–2019 (v)

उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण में **अध्यक्ष पद** हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साइज
नवीनतम् फोटो
स्वहस्ताक्षर
सहित

(i) आवेदक का नाम–

(ii) पिता का नाम–

(iii) जन्म तिथि (DD/MM/YY)–

(iv) दिनांक 01.01.2019 को आयु (YY /MM/DD)–

(v) लिंग– (पुरूष / महिला)

(vi) ई–मेल आई डी–

(vii) आधार नं0–

(viii) शैक्षिक योग्यता–

(ix) मो0 नं0–

(x) पत्राचार का पता–

(xi) स्थायी पता–

(xii) मा0 उच्च न्यायालय में मा0 न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति का विवरण–

(xiii) प्रथम सूचना रिपोर्ट (यदि कोई हो) का विवरण–

(xiv) भू–सम्पदा विनियमन और विकास अधिनियम, 2016
की धारा–47(2) के अन्तर्गत घोषणा –

स्थान–
दिनांक–

आवेदक के हस्ताक्षर

............2

<u>घोषणा</u>

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त लिखित शैक्षिक एवं अन्य अर्हता सम्बन्धी सूचनायें मेरी जानकारी में पूर्ण एवं सत्य हैं। यदि कोई दी गई सूचना सही नहीं पायी जाती है तो अभ्यर्थन निरस्त समझा जायेगा। मैं मिथ्या विवरणों/तथ्यों को देने के परिणामों से भली-भांति अवगत हूं। यदि आवेदन पत्र में दिये गये कोई विवरण/तथ्य मिथ्या पाये जाते है तो मैं, मेरे विरूद्ध भा0द0वि0, 1960 की धारा-199 व 200 एवं प्रभावी किसी अन्य विधि के अन्तर्गत अभियोजन एवं दण्ड के लिए, स्वयं उत्तरदायी होउंगा/होउंगी।

मैं यह भी घोषणा करता/करती हूं कि यदि मेरे द्वारा की गयी दस्तावेजों का स्व- प्रमाणीकरण या घोषणा गलत पायी जाती है या मेरे द्वारा गलत दस्तावेजों का स्व-प्रमाणीकरण किया जाता/गया है, तो मेरे द्वारा प्राप्त की गयी सभी प्रकार की सुविधा तत्काल वापस ले ली जाए।

स्थान–
दिनांक–

आवेदक के हस्ताक्षर

नोटः– सम्बन्धित अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियॉ संलग्न करें।